**राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम**
**(संसदीय अधिनियम के अंतर्गत स्थापित सांविधिक निकाय)**

**विज्ञापन संख्या : 2/2018**

सीधी भर्ती आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आंमत्रित किये जाते हैं :-

| **क्रम सं.** | **पद व वेतनमान** | **विशेषता का क्षेत्र** | **रिक्तियों की संख्या** | **आयु सीमा** | **पात्रता** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **उप निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर-11 में | वित्त | 1 (अनारक्षित) | 35 वर्ष | **अनिवार्य:** <br><br> स्नातक डिग्री के साथ वित्त में विशेषज्ञता सहित एम.बी.ए (2 वर्षीय पूर्णकालिक / 3 वर्षीय अंशकालिक) **अथवा** वाणिज्य में स्नातकोत्तर डिग्री **अथवा** चार्टर्ड लेखाकार/ लागत लेखाकार <br><br> शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/ वित्तीय/ विकासात्मक संस्था में वित्त, लेखा, लेखा परीक्षा, परियोजना मूल्याकंन के क्षेत्रों में **कार्यपालक क्षमता में 5 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव** तथा कंप्यूटर एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के प्रयोग में प्रवीणता । |
| 2. | **उप निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर-11 में | सामान्य | 2 (अनारक्षित-1) (अनु.ज.जा-1) | 35 वर्ष | **अनिवार्य:** <br><br> स्नातक डिग्री के साथ वित्त/ विपणन में विशेषज्ञता सहित एम.बी.ए (2 वर्षीय पूर्णकालिक/ 3 वर्षीय अंशकालिक) **अथवा** अर्थशास्त्र/ वाणिज्य /सांख्यिकी / कृषि व्यापार / ग्रामीण प्रबंध/ सहकारिता प्रबंध/बैंकिंग/बीमा क्षेत्रों में स्नातकोत्तर डिग्री **अथवा** चार्टर्ड लेखाकार/ लागत लेखाकार <br><br> शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/ वित्तीय/ विकासात्मक संस्था में वित्त, लेखा, लागत, कराधान, जोखिम मूल्याकंन, लेखा परीक्षा, संसाधन प्रबंधन, परियोजना मूल्यांकन, वित्त पोषण, मॉनीटरिंग, मूल्यांकन तथा संबंद्ध कार्यों का कार्यपालक क्षमता में 5 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव तथा कंप्यूटर एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के प्रयोग में प्रवीणता । |
| 3. | **सहायक निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर-10 में | सामान्य | 5 (अनारक्षित-2) (अ.पि.व-2) (अनु.ज.जा-1) <br><br> कुल 5 रिक्तियों में से 1 रिक्ति नीचे दिए गए नोट में दर्शायी गई शारीरिक रूप से विक्लांग व्यक्ति की श्रेणी (क) हेतु आरक्षित है | 30 वर्ष | **अनिवार्य:** <br><br> स्नातक डिग्री के साथ वित्त/ विपणन में विशेषज्ञता सहित एम.बी.ए (2 वर्षीय पूर्णकालिक/ 3 वर्षीय अंशकालिक) **अथवा** अर्थशास्त्र/ वाणिज्य / सांख्यिकी / कृषि व्यापार / ग्रामीण प्रबंध / सहकारी प्रबंध/ बैंकिंग / बीमा में स्नातकोत्तर डिग्री **अथवा** चार्टर्ड लेखाकार/ लागत लेखाकार <br><br> शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/ वित्तीय/ विकासात्मक संस्था में वित्त, लेखा, लेखा परीक्षा, परियोजना मूल्यांकन, परियोजना वित्त पोषण, मॉनीटरिंग, मूल्यांकन तथा संबंद्ध कार्यों में **2 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव** तथा कंप्यूटर एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के प्रयोग में प्रवीणता । |

| क्रम सं. | पद व वेतनमान | विशेषता का क्षेत्र | रिक्तियों की संख्या | आयु सीमा | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | **सहायक निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर-10 में | वित्त | 3 (अनारक्षित-2) (अन्य पिछड़ा वर्ग-1) | 30 वर्ष | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>स्नातक डिग्री के साथ वित्त में विशेषज्ञता सहित एम.बी.ए (2 वर्षीय पूर्णकालिक/ 3 वर्षीय अंशकालिक) **अथवा** वाणिज्य में स्नातकोत्तर डिग्री **अथवा** चार्टर्ड लेखाकार/ लागत लेखाकार ।<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/ वित्तीय / विकासात्मक संस्था में वित्त, लेखा, लेखा परीक्षा, परियोजना मूल्यांकन में 2 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव तथा कंप्यूटर एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के प्रयोग में प्रवीणता । |
| 5. | **सहायक निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर-10 में | वस्त्र | 1 (अनारक्षित) | 30 वर्ष | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>टैक्सटाइल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री (बी.ई./ बी.टेक.)<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त टैक्सटाइल क्षेत्र की इकाईयों के क्रियान्वयन/ प्रचालन/ रख-रखाव में 2 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव तथा कंप्यूटर एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के प्रयोग में प्रवीणता । |
| 6. | **सहायक निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर-10 में | चीनी | 1 (अनारक्षित) | 30 वर्ष | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री ।<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त चीनी मिलों के क्रियान्वयन / प्रचालन / रख-रखाव में 2 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव तथा कंप्यूटर एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के प्रयोग में प्रवीणता ।<br>**<u>वांछनीय :</u>**<br>किसी प्रतिष्ठित चीनी संस्थान, यथा - राष्ट्रीय चीनी संस्थान कानपुर / वसंतदादा चीनी संस्थान, पूणे द्वारा संचालित चीनी इंजीनियरिंग में पाठयक्रम पास किया हो । |
| 7. | **सहायक निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर-10 में | विधिक | 1 (अनारक्षित) | 30 वर्ष | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>विधि/कानून में स्नातक डिग्री तथा बार कॉउंसिल में एडवोकेट के रूप में नामांकन ।<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त विधिक/वित्तीय प्रलेखों, रेहनों, गारंटियों, बंधनों, वसूली के विवादों / दावों आदि तथा विधि के विभिन्न न्यायलयों/ट्रिबयूनलों में चल रहे विवादों से संबंधित मामलों, अधिमानत: बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं से संबंधित क्षेत्रों में **2 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव** तथा कंप्यूटर एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के प्रयोग में प्रवीणता । |
| 8. | **प्रोग्राम अधिकारी** सातवें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर-7 में | सामान्य | 5 (अनारक्षित-3) (अनु.जा-2) | 30 वर्ष | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 50% अंको सहित **स्नातक डिग्री** (अनु. जा./ अनु. ज.जा. के मामले में 45 % तक )<br>(ii) शैक्षिक योग्यता के उपरान्त केंद्रीय/ राज्य सरकार / अर्धसरकारी संगठनों / सहकारी |

| क्रम सं. | पद व वेतनमान | विशेषता का क्षेत्र | रिक्तियों की संख्या | आयु सीमा | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | संगठनों में **2 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव** होना चाहिए ।<br>**वांछनीय :**<br>सहकारिता में डिप्लोमा |
| 9. | **प्रोग्राम अधिकारी**<br>सातवें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर-7 में | राजभाषा | 3<br>(अनारक्षित-1)<br>(अ.पि.व-1)<br>(अनु.जा.-1) | 30 वर्ष | **अनिवार्य:**<br>(i) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा समकक्ष से हिन्दी में स्नातकोत्तर डिग्री<br>(ii) हिन्दी शब्दावली कार्य एवं/अथवा अंग्रेजी से हिन्दी और विलोमत अनुवाद कार्य करने का 3 वर्ष का अनुभव<br>**वांछनीय :**<br>(i) संस्कृत का ज्ञान<br>(ii) अनुवाद में प्रशिक्षण |
| 10. | **वरिष्ठ सहायक**<br>सातवें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर-6 में | सामान्य | 26<br>(अनारक्षित-13)<br>(अ.पि.व-7)<br>(अनु.जा.-4)<br>(अनु.ज.जा-2)<br>कुल 26 रिक्तियों में से 3 रिक्तियां नीचे दिए गए नोट में दर्शाई गई श्रेणियों (क), (ख) एवं (ग) की प्रत्येक श्रेणी के लिए एक रिक्ति शारीरिक रूप से विक्लांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित है। | 30 वर्ष | **अनिवार्य:**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 50% अंकों सहित स्नातक डिग्री (अनु.जा./ अनु.ज.जा. के मामले में 45% तक)<br>(ii) कम्प्यूटर का ज्ञान |
| 11. | **वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक**<br>सातवें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर-6 में | सामान्य | 8<br>(अनारक्षित-6)<br>(अ.पि.व-1)<br>(अनु.ज.जा-1) | 27 वर्ष | **अनिवार्य:**<br>**विकल्प-1**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री<br>(ii) अंग्रेजी आशुलिपि में 120 शब्द प्रति मिनट की गति तथा अंग्रेजी टाइपिंग में 40 शब्द प्रति मिनट की गति ।<br>(iii) एम.एस.ऑफिस वर्ड, एक्सेल तथा पावर प्वांइट पैकेजों में कंप्यूटर का ज्ञान<br>**विकल्प-2**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी विषय के साथ स्नातक डिग्री<br>(ii) हिन्दी आशुलिपि में 100 शब्द प्रति मिनट की गति तथा टाइपिंग में 30 शब्द प्रति मिनट की गति ।<br>(iii) एम.एस.ऑफिस वर्ड, एक्सेल तथा पावर प्वांइट पैकेजों में कंप्यूटर का ज्ञान |
| 12. | **वैयक्तिक सहायक**<br>सातवें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर-4 में | सामान्य | 4<br>(अनारक्षित-2)<br>(अ.पि.व-1)<br>(अनु.ज.जा-1)<br>कुल 4 रिक्तियों में से 1 रिक्ति नीचे दिए गए नोट में दर्शाई गई श्रेणी (ख) के | 27 वर्ष | **अनिवार्य:**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री<br>(ii) आशुलिपि में 80 शब्द प्रति मिनट की गति तथा टाइपिंग में 40 शब्द प्रति मिनट की गति ।<br>(iii) एम.एस.ऑफिस वर्ड, एक्सेल तथा पावर प्वांइट पैकेजों में कंप्यूटर का ज्ञान |

| क्रम सं. | पद व वेतनमान | विशेषता का क्षेत्र | रिक्तियों की संख्या | आयु सीमा | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंतर्गत शारीरिक रूप से विक्लांग व्यक्ति के लिए आरक्षित है तथा 01 रिक्ति भूतपूर्व सैनिक हेतु आरक्षित है | | |
| 13. | **कनिष्ठ सहायक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर-4 में | सामान्य | 10 (अनारक्षित-7) (अ.पि.व-1) (अनु.जा-1) (अनु.ज.जा-1) कुल 8 रिक्तियों में से 01 रिक्ति नीचे दिए गए नोट में दर्शाई गई श्रेणी (क) के अंतर्गत शारीरिक रूप से विक्लांग व्यक्ति के लिए आरक्षित है तथा 01 रिक्ति भूतपूर्व सैनिक हेतु आरक्षित है | 27 वर्ष | <u>**अनिवार्य:**</u> (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री तथा कम्प्यूटर का ज्ञान |

**नोट:**

i) विज्ञापित रिक्तियों की संख्या आवश्यकता के अनुसार घटायी-बढ़ाई जा सकती है ।

ii) इन पदों के लिए चयनित अधिकारियों/कर्मचारियों को देश के किसी भी भाग में सेवा करने हेतु तैनात किया जा सकता है । ये पदधारी मुख्यालय, लिनाक, गुरूग्राम तथा निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों में कहीं भी तैनात किए जा सकते हैं ।

iii) शारीरिक रूप से विक्लांग/भूतपूर्व सैनिक कोटा के लिए नियुक्त अभ्यर्थी अपनी-अपनी संबंधित श्रेणी अर्थात, अनारक्षित/अनु. जा./अनु.जन.जा./अ.पि.व. के पदों पर समायोजित किये जायेंगे ।

iv) आयु सीमा में छूट, केन्द्रीय सरकार/एनसीडीसी के नियमों के अनुसार, अनु.जा./अनु.जन.जा./शारीरिक रूप से विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/अ.पि.व. (क्रीमीलेयर को छोड़कर)/विभागीय (केवल एनसीडीसी के कर्मचारियों हेतु) अभ्यर्थियों के लिए निम्न प्रकार से होगी :-

- अ.पि.व. **– 3 वर्ष**
- अनु.जा. **– 5 वर्ष**
- अनु.ज.जा. **– 5 वर्ष**
- शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों (कम से कम 40% तक शारीरिक रूप से विकलांग) हेतु **– 10 वर्ष**
- भूतपूर्व सैनिक **– 3 वर्ष के साथ प्रदान की गयी वास्तविक सैन्य सेवा**
- विभागीय अभ्यर्थी (केवल एनसीडीसी के कर्मचारियों हेतु) **– 5 वर्ष**
- अभ्यर्थी जो सामान्य तौर पर दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य में अधिवासित किए गए थे **– 5 वर्ष**

v) अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.व./ शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यार्थियों हेतु आयु सीमा में छूट केवल उनके लिए आरक्षित रिक्तियों के संबंध में ही लागू है।

vi) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों हेतु कोटिकरण/वर्गीकरण
क) नेत्रहीनता एवं अल्प दृष्टि;
ख) बधिर एवं अल्प श्रवण क्षमता ;
ग) चलने में असमर्थ समेत मस्तिष्क पक्षाघात, कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड हमले के शिकार तथा मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डाईस्ट्रोफी)
घ) ऑटिज़्म, बौद्धिक विकलांगता, विशिष्ट सीखने की अक्षमता और मानसिक बीमारी;
ड़) अनुच्छेद (क) से (घ) के तहत बधिर- नेत्रहीनता सहित व्यक्तियों में से विभिन्न विकलांगताएं

vii) विज्ञापन में यथाअनुबंधित शैक्षिक योग्यता, आयु, अनुभव आदि दिनांक 15.07.2018 के अनुसार निर्धारित की जाएगी ।

viii) अभ्यार्थियों की प्रारंभिक लघु सूची कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) आयोजित करके तैयार की जाएगी जो कि सितंबर, 2018 के प्रथम सप्ताह में आयोजित होनी संभावित है। विभिन्न पदों हेतु चयन प्रक्रिया निम्न प्रकार से होगी:-

- उप निदेशक एवं सहायक निदेशक के पदों हेतु, सीबीटी में प्रदर्शन के आधार पर चयनित अभ्यार्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा । तथापि उनको, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, श्रेणी आदि से समर्थित दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के उपरान्त ही साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी । उप निदेशक एवं सहायक निदेशक के पदों हेतु चयन सीबीटी एवं साक्षात्कार दोनों की सयुंक्त मैरिट के आधार पर होगा । सीबीटी तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार में किये गये प्रदर्शन हेतु वरीयता 80:20 के अनुपात में दी जाएगी ।

- प्रोग्राम अधिकारी के पद हेतु चयन सीबीटी में मैरिट के आधार पर होगा । सीबीटी में मैरिट के आधार पर चयनित अभ्यार्थियों को आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, श्रेणी आदि से समर्थित दस्तावेजों के सत्यापन हेतु बुलाया जाएगा । निगम को पूरक दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले अभ्यार्थियों के आवेदनों पर विचार किया जाएगा ।
- वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक तथा वैयक्तिक सहायक के पदों हेतु सीबीटी परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर चयनित अभ्यार्थियों को आशुलिपि कौशल परीक्षा हेतु बुलाया जाएगा । जो अभ्यार्थी आशुलिपि कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे, उन्हें आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, श्रेणी आदि से समर्थित दस्तावेजों के साथ कम्प्यूटर कौशल परीक्षा तथा टाइपिंग स्पीड परीक्षा हेतु बुलाया जाएगा । ऐसे अभ्यर्थी जो निगम को पूरक दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे, को कम्प्यूटर कौशल परीक्षा तथा टाइपिंग परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी । मात्र ऐसे अभ्यार्थियों के आवेदनों पर विचार किया जाएगा जो कम्प्यूटर कौशल परीक्षा तथा टाइपिंग परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे तथा उनका चयन आशुलिपि कौशल परीक्षा में मैरिट के आधार पर होगा ।
- वरिष्ठ सहायक तथा कनिष्ठ सहायक के पदों हेतु सीबीटी परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर चयनित अभ्यार्थियों को आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, वर्ग से समर्थित दस्तावेजों के साथ कम्प्यूटर ज्ञान के मूल्यांकन हेतु बुलाया जाएगा। ऐसे अभ्यार्थी जो निगम को पूरक दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे, को कम्प्यूटर कौशल परीक्षा हेतु उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। मात्र ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदनों पर विचार किया जाएगा जो कि कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे तथा उनका चयन सीबीटी में मैरिट के आधार पर होगा ।

ix) उप निदेशक पद हेतु, उन व्यक्तियों के अनुभव को कार्यपालक क्षमता में माना जायेगा जो सरकारी क्षेत्र/स्वायत्त निकायों में 7वें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर–7 अथवा अन्य वेतन के समकक्ष (पूर्व संशोधित पे बैंड-2 में 4600/- ग्रेड वेतन) में कार्यरत होंगे। निजी क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों के मामले में, उन व्यक्तियों के अनुभव को कार्यपालक क्षमता में माना जायेगा जो प्रबंधकीय क्षमता में कार्यरत होंगे।

x) उप निदेशक एवं सहायक निदेशक के पदों हेतु सरकारी/सार्वजनिक उपक्रम/स्वायत्त निकाय में कार्य अनुभव को एक विकासात्मक संस्थान में कार्य अनुभव के रूप में माना जाएगा ।

xi) यदि नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी चयन के किसी चरण में यह समझें कि अनु.जा./अनु.ज.जा. के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित पदों को भरने हेतु इन समुदायों से अपेक्षित अनुभव रखने वाले पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो रहे हैं तो नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी को इन समुदायों को योग्यता और अनुभव में छूट प्रदान करने का अधिकार होगा ।

xii) मात्र अनिवार्य योग्यताओं की पूर्ति से अभ्यर्थी कौशल जांच/लिखित परीक्षा/मौखिक परीक्षा/साक्षात्कार हेतु पात्र नहीं होंगे। एनसीडीसी शैक्षिक रिकॉर्ड, अंकों की प्रतिशतता/अनुभव आदि के आधार पर प्राथमिक चयन कर सकता है ।

xiii) वेतन+ग्रेड वेतन के अतिरिक्त पदों के लिए केन्द्र सरकार की दरों पर महंगाई भत्ता/मकान किराया भत्ता और परिवहन भत्ता देय है। अन्य लाभों में निगम के नियमों के अनुसार नई परिभाषित अंशदान पेंशन योजना, ग्रेच्युटी, समूह बीमा, चिकित्सा प्रतिपूर्ति तथा अवकाश यात्रा रियायत शामिल हैं । निगम में सेवाकाल के दौरान देश में कहीं भी सेवा करने का दायित्व अंर्तनिहित है ।

xiv) अभ्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। उप निदेशक तथा सहायक निदेशक के प्रत्येक पद के लिए 1200/-रूपये तथा प्रोग्राम अधिकारी, वरिष्ठ सहायक, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक, वैयक्तिक सहायक एवं कनिष्ठ सहायक के पदों के लिए 750/-रूपये के आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा । एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यार्थियों को अलग-अलग पद के लिए अलग-अलग आवेदन शुल्क देना होगा । अनु.जा./अनु.जन.जा./शारीरिक रूप से विक्लांग (कम से कम 40% तक शारीरिक रूप से विक्लांग) व्यक्तियों को आवेदन शुल्क के भुगतान में छूट दी गई है ।

xv) प्रमाणन की प्रक्रिया एवं प्रमाण पत्रों का प्रारूप -
यदि अभ्यार्थी आरक्षित रिक्तियों अथवा आयु छूट अथवा शुल्क छूट के संबंध में आवेदन करता है, तो कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार के समय निर्धारित प्रारूप में भरकर सक्षम प्राधिकारी से अपेक्षित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है । निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत न किए जाने के मामले में, आरक्षित रिक्तियों के विरूद्ध उनके आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और/अथवा वे ऐसी श्रेणियों हेतु लागू छूट/रियायत के लिए पात्र नहीं होंगे । अभ्यार्थी कृपया प्रमाण पत्रों के प्रारूप हेतु एनसीडीसी की वेबसाइट www.ncdc.in को देखें ।

xvi) ऐसे अभ्यार्थी जो अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षण के आधार पर नियुक्ति चाहते हैं, वे यह अवश्य सुनिश्चित करें कि उनके पास जाति/समुदाय प्रमाण पत्र है और वह निर्णायक तिथि में क्रिमीलेयर के अंतर्गत तो नहीं आता है । इस उद्देश्य हेतु मुख्य तिथि आवेदन पत्रों की प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि होगी ।

xvii) परीक्षा की पद्यति तथा विषय एनसीडीसी की वेबसाइट www.ncdc.in पर अधिसूचित कर दिया गया है ।

जो अभ्यर्थी इन पदों के लिए शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आयु तथा अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं वे अपने आवेदन एनसीडीसी की वेबसाइट http://ncdc.in पर ऑनलाइन भेजें और ऑनलाइन से निकाले गए आवेदन का प्रिंटआउट ले लें। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा आवेदन की हार्ड प्रतिलिपि भेजने की आवश्यकता नहीं है । साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी जांच के लिए अपने मूल दस्तावेजों के सत्यापन हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र के प्रिंट आउट की हार्ड प्रतिलिपि तथा अपनी आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, निर्धारित प्रपत्र में अनु.जा./अनु.जन.जा./शारीरिक रूप से विक्लांग/अ.पि.व. के प्रमाण-पत्र (यदि लागू हों, एनसीडीसी की वेबसाइट www.ncdc.in को देखें), की स्वसाक्ष्यांकित प्रतियां, अपने वर्तमान नियोजक से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (यदि किसी सरकारी/सार्वजनिक के उपक्रम/स्वायत्त निकाय में कार्यरत हैं) लाएं । ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिन तक है ।